
# खेतेश्वर जयंती पर शोभायात्रा में समाज सुधार की झांकियों व भजन गायकों ने बांधा समां



पाली में राजपुरोहित समाज की महिलाओं व बच्चियों ने कलश यात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत



जोधपुर में शोभायात्रा में समाज सुधार व धार्मिक इतिहास की जानकारी देने वाली 51 झांकियां थी।

**जोधपुर**, (कासं)। राजपुरोहित समाज के आराध्य देव संत खेतेश्वर महाराज का 112वां जन्म कल्याणक महोत्सव आज शहर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आज शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

झांकियां समाज सुधार से ओतप्रोत रही और झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। वहीं भजन गायकों ने भी समां बांध दिया।

शोभायात्रा सुबह 11 बजे के करीब संत श्री खेतेश्वर मार्ग 12वी रोड पर संतों से सानिध्य में पूजा अचर्ना करके रवाना हुई। शोभायात्रा पांचवी रोड, शनिश्चर जी का थान, जालोरी गेट, स्टेशन रोड, राज रणछोडज़ी मंदिर से रेलवे स्टेशन होते हुए ओलंपिक चौराहा, तारघर, सी रोड, जलजोग चौराहा होते हुए रावण का चबूतरा मैदान पहुंचकर संपन्न होगी।

खेतेश्वर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष शेरसिंह कागनाडा ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत खेतेश्वर महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसमें जोधपुर शहर सहित आस पास के गांवों से समाज बंधुओं और मातृत शक्ति ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर हिस्सा लिया।

शोभायात्रा में ब्रह्मधाम आसोतरा गादीपति संत तुलछाराम महाराज, महामंडलेश्वर निर्मलदास महाराज, संत बालकदास महाराज, वेदांताचार्य ध्यानाराम महाराज, संत हुकमानंद महाराज सरस्वती आश्रम बालोतरा, घनश्याम दास महाराज मादलिया का का सानिध्य रहा।। शोभायात्रा में समाज सुधार और धार्मिक इतिहास की जानकारी देने वाली समाज बंधुओं की ओर से तैयार 51 झांकियां शामिल की गई। इस अवसर पर समाज के भजन गायकों ने खेतेश्वर भगवान के भजनों की स्वरलहरियों से समा बांध दिया।

## शोभायात्रा का कई जगह स्वागत किया

**पाली**, (नि.सं.)। राजपुरोहित समाज के आराध्य संत खेताराम महाराज की जयंती के अवसर पर सोमवार सुबह वीडी नगर स्थित राजपुरोहित समाज भवन से राजपुरोहित विकास समिति के तत्वावधान में सुबह 8: बजे बैंड बाजा के साथ और विभिन्न झांकियों के साथ शोभा यात्रा रवाना हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करीब आधा दर्जन झांकियां में राधा कृष्ण शिव पार्वती, नारद संत खेताराम जी का बाल रूप झांकियां के साथ सर पर मंगल कलश उठाए महिलाएं, जयकारे लगाते समाज बंधु चल रहे थे। वही सूरजपाल चौराहे तक एक रथ पर संत तुलसाराम जी के शिष्य वेदांताचार्य ध्यानानंद महाराज विराजमान थे। यहां से यात्रा मंदिर, सराफा बाजार, उदयपुरिया बाजार, नवलखा रोड नहर पुलिया होते हुए कॉलेज रोड राजपुरोहित छात्रावास जाकर संपन्न हुई।

शोभायात्रा का जगह-जगह शीतल पर आइसक्रीम खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजपुरोहित समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों का सम्मेलन हुआ

**जोधपुर**, (कासं) । आपातकाल के लोकतंत्र सेनानियों का एक सम्मेलन सोमवार को महिला बाग जिला अस्पताल के पास स्थित जैन स्थानक में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकतंत्र रक्षा मंच राजस्थान के प्रदेश महामंत्री देवराज बोहरा ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में रा.स्व.संघ जोधपुर प्रांत के प्रौढ प्रमुख प्रवीण जैन थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के प्रांतीय महामंत्री जुगल तापडिया ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जगदीश पुरोहित ने सामूहिक गीत प्रस्तुत किया।

मंच के प्रांतीय महामंत्री बोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि अपने क्षेत्र में अधिकाधिक संख्या में वोट प्रतिशत केसे बढाए जाने में अपनी भूमिका निभिएं। प्रत्येक लोकतंत्र सेनानी अपने-अपने क्षेत्र में पन्ना प्रमुख से लेकर बूथ स्तर के अधिकारी से मिल कर एवं घर-घर जाकर वोट को कैसे बूथ तक पहुंचे का प्रयास करें। मुख्य वक्ता प्रवीण जैन ने रा.स्व.संघ के आगामी शताब्दी वर्ष में समाज में आमूल चूल परिवर्तन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति को संघ की मुख्यधारा में जोडना जरूरी है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक संघ अपनी पहुंच बनाना चाहता है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानी आज भी श्रद्धा के पात्र है, इनके त्याग को संघ सदैव स्मरण रखेगा।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व लोकतंत्र के सेनानी घनश्याम डागा ने कहा कि हमारा यह वर्ग तो स्वप्रेरणा से ही संगठन का कार्य करता है इन्हें किसी भी कार्य के लिए आदेश की आवश्यकता नहीं होती है। मंच के कोषाध्यक्ष कानराज मोहनोत ने कहा कि लोकतंत्र सेनानी लोकसभा चुनाव में तन, मन एवं धन से अपना योगदान देंगे।

इस अवसर पर वयोवृद्ध लोकतंत्र सेनानी ब्रह्मदेव बोडा, नेमीचंद कवाड, दुर्गासिंह गहलोत, चौथमल सांखला, खुशालचंद पंवार का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया।

# गिड़ा में रंगोली प्रतियोगिता

**बालोतरा** । सोमवार को पंचायत समिति गिडा में उपखण्ड अधिकारी पदमा देवी की अध्यक्षता में स्वीप गतिविधियो का संचालन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के दौरान महिला मतदाता को बढावा देने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही महिला मतदाता को मतदान दिवस पर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी पदमा देवी ने महिलाओं से 26 अप्रैल को मतदान करने का अनुरोध करते हुए अन्य मतदाताओं को प्रेरित करने की बात कही।

# पीपा जयंती महोत्सव पर रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साह दिखाया

**जोधपुर**, (कासं)। संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की 701वी जयंती पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम आज 22 अप्रेल को रक्तदान शिविर से शुरू हो गए। रक्तदान करने में युवाओं का उत्साह सुबह से ही चरम पर था।

रक्तदान शिविर संयोजक दिलीप सोलंकी ने बताया कि संत पीपाजी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। समाज के106 युवाओं रक्तदान किया।

रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शहर विधायक अतुल भंसाली सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शहर भाजपा अध्यक्ष देवेंद्र सालेचा, महेंद्र सिंह राठौड़, पार्षद भीमराज राखेचा पार्षद कब्बूलाल दैया सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



जोधपुर में संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जयंती के कार्यक्रम रक्तदान शिविर से शुरू हुए।

श्री समस्त पीपी क्षत्रिय न्याति ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश चावड़ा तथा सचिव नरेश सोलंकी ने अतिथियों का स्वागत किया। चावड़ा व सोलंकी ने बताया कि 701वीं पीपा जयन्ती 23 अप्रैल को पूरे देश में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। ,पीपा जयंती पर जोधपुर में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। महोत्सव के पहले दिन आज सुबह नौ बजे सुभाष चौक, रातानाडा स्थिति समाज भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

विजय चौक, पीपा मन्दिर के व्यवस्थापक हनुमान चावड़ा ने बताया कि सांयकाल विजय चौक स्थित पीपा महाराज के मंदिर में भजन संध्या व हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके बाद 23 अप्रेल को सुबह शहर के सभी पीपाजी महाराज के मन्दिरों पर प्रात: पूजा अर्चना के साथ ही हवन किया जाएगा। समाज के लोग अपने अपने घरों में आराध्य देव की पूजा पाठ कर विश्व शांति की प्रार्थना करेंगे।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि करीब सवा दस बजे शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। विजेन्द्र गोयल की देखरेख में निकाली जाने वाली शोभायात्रा में पचास से अधिक झांकियां शामिल होंगी। इनमें संत पीपा महाराज की जीवनी से संबंधित झांकी के साथ ही मतदान का संदेश देती झांकी प्रमुख होगी। वहीं सनातन संस्कृति से ओतप्रोत धार्मिक व सामाजिक संदेशप्रद झांकियों का समावेश होगा। सूरसागर व विधानगर भवन से आने वाली झांकियां मुख्य शोभायात्रा में शामिल होगी।

शोभायात्रा में 501 मातृशक्ति मंगल कलश लेकर अग्रिम पंक्ति में रहेगी। मुख्य शोभायात्रा विजय चौक मंदिर से सुबह नौ बजे पूजा अर्चना के बाद रवाना होगी जो अजय चौक, उम्मेद चौक, त्रिपोलिया बाजार, सोजती गेट, नई सडक़, मोहनपुरा पुलिया होते हुए रातानाडा स्थित न्याति भवन पहुंचेगी। कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी ने बताया कि शोभायात्रा विसर्जन के बाद रातानाडा स्थिति आर्य समाज के भवन में पीपा प्रसादी का आयोजन रखा गया है। करीब दस हजार समाज बंधु सामूहिक प्रसादी में शिरकत करेंगे। इसी के साथ दो दिवसीय पीपा जयन्ती महोत्सव का समापन हो जाएगा।

मसूरिया बाबा रामदेव मन्दिर के तत्वावधान में अनेक स्थानों पर पीपा जयन्ती समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। अध्यक्ष नरेंद्र कुमार चौहान ने बताया कि मसूरिया,गुरां तालाब स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, दजियों का चौक स्थित राम बंगला, चांद पोल स्थित बाबा के मन्दिरों पर सुबह पूजा अर्चना, सुन्दर काण्ड पाठ सहित सामूहिक प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## हनुमान जयंती आज मनाएंगे

**जोधपुर**, (कासं)। हनुमान जयंती (महावीर जयंती) को धूमधाम से मनाने के लिये शहर के बालाजी मंदिर में भक्तों और पुजारियों ने तैयारिया करनी शुरू कर दी।

मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के रूप में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, रात्रि भजन संध्या और सवामणी तथा प्रसादी का आयोजन किया जायेगा।

विश्व हिन्दू परिषद की श्री राम नवममी महोत्सव समिति की ओर से आज शाम चार बजे से सामूहिक सुंदर कांटड पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठन सिंघल पीठाधीश्वर महंत क्षमाराम महाराज के सांनिध्य में आरंभ किया गया है।

शहर के पाल बालाजी मंदिर, पंचमुखी बालाजी मंदिर, रोटरी चौराहे बालाजी मंदिर, प्रत्याश बालाजी मंदिर, शुगालेश्वर बालाजी मंदिर, जूना खेडापति बालाजी मंदिर, शेखावत का तालाब बालाजी मंदिर, हेमू कालानी चौराहे पर स्थित बालाजी मंदिर, प्रताप नगर स्थित हनुमान शनिधाम तथा अन्य मंदिर में भक्तों और पुजारियों की ओर से तैयारिया शुरू कर दी गई। हनुमान जयंती महोत्सव के दौरान मंदिरों में रंग रोगन करने के साथ मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फुलमंडली से भी सजाना शुरू कर दिया गया है। अधिकांश मंदिरों में इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।

# जे.डी.ए. की अवैध पोस्टर व बैनरों पर कार्रवाई जारी



जोधपुर में बिना अनुमति एवं अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टरों एवं बैनरों को हटाया।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने नियमित रूप से कार्यवाही करते हुए प्राधिकरण गेन्ट्रीज पर बिना अनुमति एवं अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टरों एवं बैनरों को हटाया जा रहा है। प्राधिकरण दस्ते ने सोमवार को भी लोकसभा आम चुनाव-2024 में आदर्श आचार संहिता की पालना में विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही कर अवैध पोस्टरों एवं बैनरों को हटाया गया।

उपसचिव व भूमि अवाप्ति अधिकारी जेडीए कंचन राठौड़ एवं मुख्य नियंत्रक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनिता के निर्देशानुसार प्रवर्तन अधिकारी उत्तर प्रवीण गहलोत, प्रवर्तन निरीक्षण पश्चिम मय जेडीए दस्ते ने एयरपोर्ट रोड, संवित सर्कल, नगर निगम के पास, पावटा चौराहा, जलजोग चौराहा, खतरनाक पुलिया डीआरआरएम ऑफिस, मण्डोर गार्डन, महावीर कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस, भाटी चौराहा, एमडीएम चौराहा, रातानाडा चौराहा, रेजीडेन्सी रोड, पांचबत्ती सर्कल, रावण का चबूतरा, सरदारपुरा सी रोड, कमला मेहता सर्कल, नेहरू पार्क, नागौरी गेट, ओलम्पिक चौराहा, नई सडक चौराहा, पुरी तिराहा, शास्त्री सर्कल, दल्ले खां चक्की सर्कल सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यवाही करते हुए स्काई लैब की सहायता से प्राधिकरण गेन्ट्रीज के साईनेज पर बिना अनुमति एवं अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टरों एवं बैनरों को हटाया गया। प्राधिकरण द्वारा अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टरों एवं बैनरों को हटाने की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

# बाड़मेर में अभय कमांड सेंटर का निरीक्षण



जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन व एस.पी. नरेंद्र मीणा ने अभय कमांड सेंटर का निरीक्षण किया।

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने सोमवार को अभय कमाण्ड सेंटर का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत अभय कमांड सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से जिलेभर में की जा रही निगरानी का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव हेतु गठित की गई क्विक रिस्पांस टीम का अभय कमांड सेंटर से समन्वय का लाइव डेमो देखा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) की नियुक्ति की गई है। अभय कमांड सेंटर के द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरंत क्विक रिस्पांस टीम को संप्रेषित कर कम से कम समय में शिकायत का निस्तारण किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कानून व्यवस्था के उत्कृष्ट संधारण के लिए अभय कमांड सेंटर एवं क्यूआरटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत फ्लाईंग स्क्वॉड टीम (एफएसटी) के साथ साथ क्विक रिस्पांस टीम की नियुक्ती विधानसभा क्षेत्रवार की गई है। अभय कमांड सेंटर के जरिए प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण क्यूआरटी द्वारा सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्हो ने कहा कि मतदान संबंधी किसी प्रकार की शिकायत को आमजन 9530438100 एवं 02982-221822 और 220005 पर दर्ज करा सकता है।

सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त सचिव मोहन सिंह सहित अभय कमांड सेंटर में नियुक्त अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## सवैतनिक अवकाश घोषित

**बाड़मेर।** जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदेश जारी कर लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बाड़मेर बालोतरा जैसलमेर के समस्त विधानसभा क्षेत्रों के कार्मिकों, निजी व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को सवैतनिक अवकाश घोषित किया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह चादांवत ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार ऐसे कार्मिक जो राजस्थान राज्य के किसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है, राजस्थान राज्य के ही अन्य लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कार्यरत है तथा ऐसे कार्मिक जो अन्य राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य तौर पर निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है एवं राजस्थान राज्य में कार्यरत है, ऐसे कार्मिकों को मतदान हेतु आवेदन करने पर मतदान दिवस का सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने हेतु विभिन्न विभागों, उपक्रमों, बोर्ड, निगम आदि के विभागाध्यक्षों को प्राधिकृत किया गया है। अत: ऐसे कार्मिकों के लिए मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को सवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने के लिए संबंधित विभागाध्यक्ष, उपक्रम, बोर्ड, निगम उक्त आदेश की पालना सुनिश्चित करे।

उन्होंने बताया कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बाड़मेर बालोतरा जैसलमेर के जिन विद्यालयों में मतदान दलों के रूकने एवं मतदान संबंधी कार्य सम्पन्न किया जाना है।

# सुरक्षा व्यवस्था के लिए फ्लैग मार्च निकाला



बाड़मेर में पुलिस, केन्द्रीय पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त फ्लैग मार्च निकाला।

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतन्त्र चुनाव संपन्न करवाने के लिए पुलिस, केन्द्रीय पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों संयुक्त रूप से मिलकर विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस, केन्द्रीय पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारियों संयुक्त रूप से मिलकर घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए कड़ा संदेश दिया कि चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं।

उन्होंने आमजन को लोकसभा चुनाव में भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत जैन के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस, केन्द्रीय पुलिस बल, बीएसएफ के जवानों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने गुडामालानी के मंडली पुलिस थाना क्षेत्र, बाड़मेर के बलदेव नगर, धनाऊ, बुरहान तला, भूनिया, बामनोर, बिसारणीयां, बालोतरा, सिवाणा के सिनेर एवं धारणा मे उपखंड अधिकारी सुरेंद्र सिंह, वृताधिकारी नीरज शर्मा, तहसीलदार रायचंद देवासी द्वारा लोगो को भय मुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान अफवाह फैलाने, शांति और कानून व्यवस्था प्रभावित करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों में सीआरपीएफ जवानों के साथ पुलिस ने पैदल फ्लैग मार्च निकालकर ठामीणों को निष्पक्ष और भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू है। नागरिक आचार संहिता का पालन करें। एक-दूसरे का सम्मान करें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले का बख्शा नहीं जाएगा।

## कंगना रणौत पाली में करेंगी रोड शो

**पाली**, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी पाली लोकसभा प्रत्याशी पी पी चौधरी के समर्थन में 23 अप्रेल को शाम 4 बजे एक विशाल रोड शो आयोजित होगा। रोड शो फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत करेगी शाम 4:00 बजे भारतीय जनता पार्टी चुनाव कार्यालय पुराना बस स्टैंड स्थित सुराणा धर्मशाला से शुरु करेंगी। विवेकानंद सर्कल से व्यास सर्कल, अहिंसा सर्कल, सुरज पोल से लोढा स्कुल व शिवाजी सर्कल तक होगा। कंगना रनौत के साथ भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी पी पी चौधरी, जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार, लोकसभा संयोजक लक्ष्मीनारायण दवे, पुर्व विधायक ज्ञानचंद पारख सहित उपस्थित रहेंगे। रोड शो की तैयारी में जिला महामन्त्री सुनिल भंडारी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक सिवपकाश पजापत, सह संयोजक तिलोक चौधरी, मडल अध्यक्ष नरपत दवे, पुखराज बंजारा, मुकेश नाहर सहित लगे हुए हैं।

महिला मोर्चा व युवा मोर्चा सभी कार्यकर्ता, सभी जनप्रतिनिधि सहित लोग उपस्थित रहेंगे।

**Correction in Notice public information published on 20.03.2024 of M/S SHRI LAXMI GRANITES AND MARBLE (FRN No. 09/24/08)**
Due to typing mistake date of retirement of partner mention in publication is wef (07.03.2024 & 08.01.2024) but our actual date of retirement is 18.03.2024 & OUR FIRM NAME IS M/S SHRI LAXMI GRANITE AND MARBLE & FRN No. 09/24/08
**Correction in Notice public information published on 20.03.2024 of M/S LAXMI INDUSTRIES (FRN No. 20/24/2017)**
Due to typing mistake date of retirement of partner mention in publication is wef 07.03.2024 but our actual date of retirement is 18.03.2024 & OUR FIRM NAME IS M/S LAXMI INDUSTRIES & FIRM FRN No. 20/24/2017